सार-समाचार

एकादशी हर्षोल्लास के साथ निकाली सवारी

बिजयनगर (निसं)। जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर ठाकुर जी की रेवड़ियां शहर के विभिन्न मंदिरों से निकालीं गई। लक्ष्मी नारायण मंदिर से बुधवार शाम हाथी, घोड़ा, पालकी जय कन्हैया लाल की' के जयकारो के साथभजन कीर्तन करते हुए भक्ति भाव के साथ नाचते झूमते ठाकुर जी का बैवाण नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ।टॉक गली स्थित छोग जी मंदिर सिद्ध गणपति मंदिर पिपलेश्वर महादेव मंदिर शनि महाराज मंदिर विश्वकर्मा मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में स्थापितभगवान के विठाह स्वरूप की रेवड़ियों का पीपली चौराहा पर मिलाप हुआ। गान्धी उद्यान पहुंचने पर भगवान ठाकुर जी को जल विहार करवा कर महा आरती की गई। शहर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के बैवाण के नीचे से निकलकर सुख समृद्धि की कामना की।लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट के बनवारी लाल कोगटा सुनील सोमानी पार्षद मनोहर कोगटा विजय कुमार बिंदल मंदिर पुजारी महावीर प्रसाद शर्मा प्रकाश चंद शर्मा दुदाराम गुर्जर श्रवन लाल शर्मा प्रहलाद सेन पिपलेश्वर महादेव मंदिर पुजारी राम लखन शर्मा रामलाल प्रजापत कैलाश शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।ठाकुर जी की नगर भ्रमण यात्रा के दौरान थाना अधिकारी करण सिंह खंगारोत मय जाब्ते के मौजूद थे। ठाकुर जी की सवारी के जलविहार एव महाआरती, प्रसाद वितरण के बाद ठाकुर जी पुनः अपने निज धाम लोटे।

मसूदा में निकली ठाकुर जी की रेवाड़ी

मसूदा (निसं)। मसूदा कस्बे में जलझूलनी एकादशी पर गाजेबाजे के साथ ठाकुर जी की रेवाड़ी निकाली गई गोपाल द्वारा मंदिर से शाम 4 बजे ठाकुर जी मंदिर से रेवाड़ी शोभायात्रा शुरू हुई जो कस्बे के मुख्य बाजारों से होती हुई गोपाल सागर घाट पर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालु हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जय घोष कर रहे। वही महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाते हुए नाचते हुए नजर आई।गोपाल सागर घाट पर ठाकुर जी को स्नान कराया गया तथा पंडितों द्वारा मन्त्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई। मसूदा विधायक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना व आरती करके सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की।मसूदा पुलिस मय जाब्ते तैनात रहे।

तेजाजी धाम पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

अजमेर/नसीराबाद (कासं)। लोहरवाड़ा के समीपवर्ती ग्राम रामपुरा में भाद्रपद शुक्ल पक्ष की दशमी पर मंगलवार को लोक देवता तेजाजी का जन्मोत्सव पूजा अर्चना कर बडे ही धूमधाम से मनाया तथा मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें तेजाजी के थान पर ढोल-ढमाकों व डीजे की धून पर नाचते-गाते पहुंचे श्रद्धालुओं ने ध्वज चढ़ाए। प्रसिद्ध तेजाजी बासक बाबा धाम रामपुरा पर तेजा दशमी के मौके पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। महामंडललेश्वर रमाकांत दास महाराज और रतनलाल प्रजापत जी महाराज के सानिध्य में विशाल मेले का आयोजन किया गया। जहां मेले में आए लोगों ने झूलो सहित स्वादिष्ट व्यंजनों का जमकर लुफ्त उठाया वहीं मनिहारी की दुकानों पर ग्रामीण परिवेश की रंगबिरंगी वेशभूषाओ से सजी धज्जी महिलाओं की विशेष भीड़ देखी गई तो बालाजी अखाड़ा टोंक द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। समिति के अध्यक्ष चतर सिंह राठौड़ और पूर्व सरपंच गोवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि मेले में उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव, पुलिस उपाधीक्षक जरनेल सिंह, तहसीलदार नानू लाल यादव, सदर थाना प्रभारी भंवर सिंह, पूर्व विधायक रामायण गुर्जर, महेंद्र सिंह गुर्जर, शिव प्रकाश गुर्जर, भाजपा मंत्री सुनीता चौधरी, लोहरवाड़ा सरपंच माया देवी, समाजसेवी हगामी लाल माली की मौजूदगी रही।

आवेदन की अन्तिम तिथी बढ़ाई

अजमेर,(कासं)। जिला रसद अधिकारी द्वितीय क्षेत्राधिकार की रिक्त एवं नवसृजित कुल 83 उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन पत्र कार्यालय जिला रसद अधिकारी से आवेदकों को उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 4 सितम्बर तक निर्धारित की गई थी। इसे बढ़ाकर आगामी 12 सितम्बर को सायं 6 बजे तक किया गया है। जिला रसद अधिकारी नीरज जैन ने बताया कि आवेदन पत्र जमा कराने की तिथी को भी बढ़ाकर 19 सितम्बर को सायं 6 बजे तक किया गया है।

शिक्षक सम्मान समारोह आज

अजमेर, कासं)। जिला परिषद् के तत्वावधान में गुरुवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय गोविन्द नारायण शर्मा ने बताया कि समारोह में जिले के सभी ब्लॉकों से प्रत्येक ब्लॉक के 50 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के जयपुर रोड़ स्थित सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा।

माँ का अपमान देश की संस्कृति और मातृत्व की गरिमा का अपमान है-गोदारा

अजमेर। भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री व भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ पूर्व प्रदेश संयोजक काशीराम गोदारा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी को अपमानजनक शब्द कहे जाने पर काठोस और आरजेडी नेताओ की कड़ी निंदा व्यक्त की है। भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ प्रदेश कार्य समिति सदस्य दशरथ सिंह सकराय ने बताया कि निजी यात्रा पर अजमेर पधारे गोदारा पत्रकारों से रूबरू होते हुए। काशीराम गोदारा ने कहा कि 'किसी भी राजनीतिक असहमति को व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर ले जाना निंदनीय है। भारतीय संस्कृति में 'मां' का स्थान सर्वोच्च है और प्रधानमंत्री की माताजी का अपमान, पूरे देश की संस्कृति और मातृत्व की गरिमा का अपमान है, उन्होंने आगे कहा कि ऐसे बयान लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत हैं और समाज में गलत संदेश देते हैं। मां के लिए अपमानजनक शब्द कहना विश्व की किसी भी संस्कृति में नही है हमारा दुर्भाग्य है कि हमारे देश में अमानवीय अलोकतांत्रिक मानव निवासित है।

सात्विक भोजन की सेवा

अजमेर, 03 सितम्बर (कासं)। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा क्लब के सचिव लायन दिनेश शर्मा एवं लायन अंजना शर्मा के सहयोग से दृष्टिहीन बालिकाओं का आवासीय विद्यालय लाडली घर की 35 बालिकाओं की कुशल क्षेम पूछते हुए मिष्ठान युक्त भोजन की सेवा दी गई। क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश कर्णावट ने बताया कि लायन दिनेश शर्मा के पिताजी स्वर्गीय जीवनराम शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर दिव्यांग बालिकाओं को मिष्ठान युक्त भोजन की सेवा दी गई। संयोजक लायन पदमचंद जैन के संयोजन में बालिकाओं की कुशल क्षेम पूछते हुए सेवा कार्य को संपन्न कराया गया। क्लब के जन संपर्क अधिकारी लायन अतुल पाटनी ने बताया कि सामाजिक सरोकार के अंतर्गत दी गई।

बैठक में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक के लिए चर्चा

- अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिले में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए
- बैठक में जिले में नशे की रोकथाम, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण और नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत विचार विमर्श किया

अजमेर, 3 सितंबर(कासं)। जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक बुधवार को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशे की रोकथाम, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण और नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिले में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इससे पूर्व की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। बैठक में अब तक की गई कार्रवाइयों की समीक्षा करते हुए पंजीकृत प्रकरणों और जब्त नशीले पदार्थों का विश्लेषण किया गया। उन्होंने कोटपा के अंतर्गत अधिकाधिक चालान की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से ड्रग एडिक्शन के प्राप्त प्रकरणों की जानकारी लेते हुए मेडिकल स्टोर्स पर साइकोट्रॉपिक एवं शेड्यूल एच ड्रग्स की बिक्री बिना चिकित्सकीय पर्चे के नहीं होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दवाई विक्रेता द्वारा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त किया जाए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को नशामुक्ति केंद्र में नवीन भर्ती मामलों की जानकारी लेते हुए समाज में नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता लाने के लिए विभिन्न गतिविधि आयोजित करने के निर्देश दिए। युवाओं को नशे से बचाने के लिए पुलिस, शिक्षा, चिकित्सा एवं समाज कल्याण विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर जागरूकता लाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गणेश राम चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्स्ना रंगा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक जय प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्कूल में बनाया आधुनिक शौचालय

अजमेर/पुष्कर (कासं)। पुष्कर क्षेत्र के ग्राम कड़ेल की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण करने के लिए आने वाली छात्राओं के उपयोग हेतु नवनिर्मित बालिका शौचालय का लोकार्पण बुधवार को उदघाट्न समाजसेवी विमलेश जैन एवं पदमचंद जैन द्वारा किया गया।

लायंस क्लब अजमेर आस्था, श्री प्राज्ञ जैन संस्था अजमेर के तत्वावधान एवं क्लब के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन पदमचंद जैन की प्रेरणा तथा भामाशाह राजेंद्र कुमार, ललित कुमार लोढ़ा ब्यावर (अहमदाबाद) द्वारा दो लाख रुपए की सहायता से बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सुशील रिणवा, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार प्रजापति, वीर प्रकाश सोनी, रोशनदीप श्रीमाली सहित स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राओं मौजूद रही। विद्यालय प्राचार्य सुशील कुमार रिणवा ने आभार प्रदर्शित करते हुए बताया कि विद्यालय में 160 से अधिक छात्राओं के लिए अति आवश्यक सुविधा उपलब्ध हो सकेगी जो वर्षों से लंबित चल रही थी। लायन पदम चंद जैन ने सहयोगकर्ता लोढ़ा परिवार एवं विद्यालय प्रशासन का सेवा का अवसर प्रदान करने पर आभार जताया।

स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

अजमेर (कासं)। बीमा सप्ताह के दौरान बुधवार को कार्मिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मण्डल कार्यालय, अजमेर में किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, सामान्य जांचें ब्लड प्रेशर, शुगर हीमोग्लोबिन, दंत चिकित्सा आदि की गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्मिकों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया और डॉक्टरों से आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। बीमा सप्ताह में ऐसे शिविर प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाते है ताकि अधिक से अधिक कार्मिक स्वस्थ और जागरूक रह सकें।

NAME CHANGE

I, Puja Yadav Spouse of Army No.14868400H, NK/MT, Anil Kumar Yadav, Residing Vill- Pipra Hari, Po-Pipra Khurd, Teh & Distt:- Supaul, Bihar, 852131 have change my Name from Puja Yadav to Puja Kumari vide Affidavit No. BZ921199 Dt 03/09/2025 before Court campus Nasirabad

आम सूचना

मैसर्स ग्रेनाइट वर्ल्ड पता ई-502, चतुर्थ चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र किशनगढ जिला अजमेर, राज. शपथपूर्वक निम्न बयान करते है कि यह है कि पूर्व में इस फर्म में हम 4 भागीदार थे (1) श्री चिरायु गोयल (2) श्री सौरभ गुप्ता (3) श्री जितेन्द्र कुमार अग्रवाल (4) श्रीमति मंजु देवी अग्रवाल दिनांक 01 सितम्बर 2025 से श्री सौरभ गुप्ता स्वेच्छा से फर्म से रिटायर्ड हो रहे है। जिसमे हम सभी भागीदारों की सहमति है। तथा वर्तमान में इस भागीदारी फर्म में हम निम्न भागीदार है (1) श्री चिरायु गोयल (2) श्री जितेन्द्र कुमार अग्रवाल (3) श्रीमति मंजु देवी अग्रवाल। इस आम सूचना से अगर किसी को आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र) अजमेर में सूचित करे अन्यथा बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। -चिरायु गोयल वर्ल्ड ग्रेनाइट

कथा में आस्था का सैलाब उमड़ा

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। गुप्ता परिवार की और से मयूरा सिटी में आयोज्य श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कृष्ण जन्मोत्सव में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अपार जनसमूह की मौजूदगी में लोकप्रिय कथा वाचक पुंडरीक गोस्वामी वृंदावन ने अपने मुखारविंद से धर्मानुरागियो के समक्ष कीर्तन के बिच बड़े ही धूमधाम से कृष्ण जन्मोत्सव मनाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया।

व्यास पीठ की पूजा करते हुए परिक्रमा पूर्ण कर वैष्णवाचार्य पुंडरीक गोस्वामी ने भागवत वर्षण के दौरान पाप और मुक्ति की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि घर परिवार में धार्मिक पुस्तक रख पढ़ा जाये, जिससे संस्कार मिल सके। मनुष्य जीवन मिलना शोभाग्य की बात है, किंतु ऐसा जीवन जिओ की नरक में नहीं जाना पड़ा। सुख-दुःख आते जाते रहते है, पर कभी भी हरि भजन करना नहीं भूले। पाप के दस लक्षण होते है जैसे हिंसावृति, चोरी, अवैध शारीरिक सम्बन्ध, चुगली करना, कठोर शब्द बोलना, झूट बोलना, बिना किसी कारण के बोलना, दूसरे को हानि पहुंचाने का विचार, दूसरों के गुणों को पसन्द नहीं करना अर्थात् ईर्ष्या करना, भगवान् को नहीं मानना। पुंडरीक महाराज ने कहा पाप से निवृति एवं मुक्ति का एक ही साधन है कृष्ण अर्थात् सदैव हरिनाम की माला फेरते रहे, हरिनाम चिंतन से स्वभाव बन जायेगा। भगवत कृपा से ही वैष्णवता प्राप्त होती है।

सरवाड़ की जोताया में शिविर

अजमेर, (कासं)। जिले में वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाओं से संबंधित अभियान आगामी 30 सितम्बर तक संचालित होंगे। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर जन-धन खातों, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभांवित किया जाएगा।

अग्रणी जिला प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के पुराने खातों की केवाईसी करने के साथ ही नए जन-धन खाते हाल ही में व्यस्क हुए व्यक्तियों के खोले जाएंगे। गुरूवार को अजमेर ग्रामीण की सराना, अरांई की देवपुरी, पीसांगन की मकरेड़ा, सरवाड़ की जोतायां में शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह शुक्रवार को अजमेर ग्रामीण की तबीजी, किशनगढ़ की सिनोदिया, श्रीनगर की रामसर, सावर की कालेरा कंवरजी में शिविर आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि इसी तरह 8 सितम्बर को अजमेर ग्रामीण की कड़ैल, अरांई की गोठियाना, श्रीनगर की लवेरा, भिनाय की कनाई कलां, 9 सितम्बर को अजमेर ग्रामीण की गोडियावास, किशनगढ़ की तिलोनिया, भिनाय की सोबड़ी, केकड़ी की लसाड़िया, 10 सितम्बर को अजमेर ग्रामीण की चाचियावास, किशनगढ़ की तिकावड़ा, पीसांगन की डोडियाना, केकड़ी की सरसरी, सरवाड़ की कल्याणपुरा, 11 सितम्बर को अजमेर ग्रामीण की नारेली, अरांई की कटसूरा, भिनाय की सिंहगावल, सावर की कुशायता एवं टांकावास, 12 सितम्बर को अजमेर ग्रामीण की सराधना, किशनगढ़ की त्योद, भिनाय की करांटी में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

दादाबाड़ी जीर्णोद्धार शिलान्यास आज, शिला अभिषेक सम्पन्न

अजमेर। विश्व के प्रथम दादागुरूदेव युगप्रधान श्री जिनदत्तसूरि जी महारासा की समाधि, स्थल अजमेर दादाबाड़ी के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास दादाबाड़ी में गुरूवार को प्रातः 7:54 बजे विधिविधान के साथ सम्पन्न होगा। श्री जिनदत्तसूरि समाधि स्थल दादाबाड़ी जीर्णोद्धार समिति के संयोजक भीमराज बोहरा एवं खरतरगच्छ संघ प्रवक्ता रिखब सुराणा ने बताया कि बुधवार को दोपहर 2:27 बजे जीर्णोद्धार कार्य के शिलान्यास में रोपी जाने वाली 101 शिलाओं का मध्यप्रदेश निवासी विधिकारक अरविन्द प्रविण चौरडिया द्वारा विधिविधान से अभिषेक कराया गया, जिसमें 101 लाभार्थी परिवार जनो ने पूजा के वस्त्रो में अभिषेक किया। श्री जिनदत्तसूरि जी महाराज की मुख्य धरणी कुर्म शिला का कोयम्बटूर निवासी विजयचन्द पारस मणी, कुशल दीपमाला झाबक परिवार में अभिषेक किया।

इस अवसर पर प्रताप सिंह सिघवी, भीमराज सुशीला बोहरा, महेन्द्र कोठारी, विक्रम पारख, महेन्द्र लुणिया, सुशील वैद, नरेन्द्र लालन, दिनेश मेहता, जब्बरमल बच्छावत, दिलिप मेहता सहित पूरे भारत वर्ष से आये करीबन 1100 भक्तजन उपस्थित थें। जीर्णोद्धार प्रेरिका साध्वी मनोहर श्रीजी ठाणा 6 और मुनि प्रवर सम्यकरत्नसागर जी म. सा. ठाणा 6 की उपस्थिति में शिला अभिषेक महोत्सव सम्पन्न हुआ। 101 शिलाओं के लाभार्थी परिवार को चांदी की तगारी और चांदी की करनी देकर बहुमान किया गया।

श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के अध्यक्ष विक्रम पारख मंत्री अनिल गोलेच्छा ने बताया की गुरूवार को दादाबाड़ी में प्रातः 5:31 बजे स्नात्र पूजा, 6:11 बजे श्री दशदिगपाल, नवठाह अष्टमंगल और क्षेत्रपालादि पूजन के पश्चात् 7:54 बजे से 'शिलान्यास' कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें 101 शिलाओं के साथ सोना चांदी, हीरे, जवाहरात से भरे हुए रजत कलश भी रोपित किये जायेगें। शिलान्यास के पश्चात् स्वधर्मीवात्सल्य और दोपहर 12:45 बजे से दादागुरूदेव की बड़ी पुजा आयोजित होगी।

कार्यक्रम सम्पन्न

अजमेर(कासं)। क्षमता निर्माण और नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 3 सितंबर, 2025 को राष्ट्रीय कर्मयोगी सेवा-भाव प्रशिक्षण के दूसरे चरण के अंतर्गत तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया। यह प्रशिक्षण, मिशन कर्मयोगी के व्यापक ढाँचे के अंतर्गत क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) की एक प्रमुख पहल है। इस कार्यक्रम में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, इनफ्लिबनेट गांधीनगर, यूजीसी-डीएई-सीएसआर, इंदौर, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के 14 नामित संकाय सदस्यों को तीन दिवसीय कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की वैशाली नगर योजना के आवासीय/भूखण्ड संख्या डी-68 क्षेत्रफल 299.44 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति चेलाराम भाटिया पुत्र किसूमल भाटिया निवासी गुलाबबाड़ी अजमेर की मृत्यु दिनांक 18/10/21 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. श्रीमती मीकी भाटिया पत्नि स्व. चेलाराम भाटिया (फौत) 2. नवीन भाटिया 3. ओनीश कुमार भाटिया पुत्रगण स्व. चेलाराम भाटिया निवासी सूरत द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। - योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक :न.नि.अ/भवन/25-26/259 आपत्ति सूचना दिनांक : 3.9.25

श्री सैयद सिद्दीकी मियाँ चिश्ती पुत्र श्री जब्बार हुसैन चिश्ती एवं श्रीमती सैयदा इशरत चिश्ती पत्नी सैयद सिद्दीकी मियाँ चिश्ती निवासीगण 14/454 पुराना 39/583 नया सलेमा हाउस गोध गवाडी नला बाजार अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 453/14 पुराना= 552/39 नया एवं ए.एम.सी. नं. 14/454 पुराना = 553/39 नया एवं ए.एम.सी. नं. 557/39 अंकित है जो वाके गोधा गवाडी हेडा गली के पास नला बाजार अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 89.44 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : गली पश्चिम : रास्ता आम गली

उत्तर : जायदाद ए.एम.सी. नं. 556/39 दक्षिण :जायदाद पंचायत की व गली है

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम अजमेर

क्रमांक :न.नि.अ/भवन/25-26/260 आपत्ति सूचना दिनांक : 3.9.25

श्री अशोक वासवानी पुत्र श्री मेघराजमल निवासी म.नं. 321-अ संस्कार यू.आई.टी. कॉलोनी अजयनगर अजमेर एवं श्री रवि पुत्र श्री विशनदास निवासी 367/22 नवाब का बेडा आशागंज अजमेर एवं श्री ललित एम. बूलचन्दानी पुत्र श्री मोहनलाल निवासी 23 गुरूनानक कॉलोनी आशागंज, अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 19/336=2/9 = 272/5 जो वाके महावीर सर्किल गंज अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 126.36 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : रामद्वारा सन्यासी आश्रम पश्चिम : सम्पति श्री हनुमानजी की

उत्तर : रोड दक्षिण : 08 फुट 06 इंच चौड़ी लेन

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगरपरिषद कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)

Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in फोन नं- 01586-220022
munibkcity@gmail.com 01586-221526

क्रमांक :- न.प.कु./2025-26/3187 दिनांक :- 01.09.2025

आपत्ति आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदको द्वारा पालिका में निम्न रूप से उल्लेखित प्रयोजनार्थ के लिये आवेदक प्रस्तुत किया है। पालिका द्वारा आवेदित प्रयोजनार्थ के तहत प्रकरण का निस्तारण किया जाना है। निम्न प्रकरणों में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिंनाक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं आवेदक के पक्ष में भूमि आवंटन पट्टा/जारी कर दिया जावेगा।

क्र. स.	पत्रावली सं.	प्रयोजन	आवेदक का नाम/पिता का नाम व पता	क्षेत्रफल वर्गगज में	खसरा नं., कॉलोनी/मौहल्ला का नाम
1.	16/2025-26	69-क	श्रीमती राजकुमारी पत्नी परमानन्द सोनी	384.27	खसरा नं. 758, आथुणा दरवाजा
2.	149/2025-26	नामान्तरण	श्री कमलेश कुमार पुत्र गिरधारीलाल जांगिड़	102.22	पावर हाऊस के पिछे, बुड़सू रोड़
3.	155/2025-26	नामान्तरण	श्रीमती बतुल पत्नी सिकन्द गौरी मणियार	280.00	दीपपुरा रोड़
4.	158/2025-26	नामान्तरण	श्रीमती लीला देवी पत्नी कमल कुमार ब्राह्मण	111.53	बागड़ा कॉलोनी
5.	66/2025-26	निर्माण ईजाजत	श्रीमती सुमिता कंवर पत्नी महेन्द्रसिंह	172.91	जगदम्बा कॉलोनी, बुड़सू रोड़
6.	67/2025-26	निर्माण ईजाजत	श्री मुज्जफर मोहम्मद शफी पुत्र मोहम्मद शफी भाटी	60.15	छीपो का मौहल्ला
7.	68/2025-26	निर्माण ईजाजत	श्रीमती किरण सर्वा पत्नी गोपाल सर्वा	242.25	हनुमान कॉलोनी
8.	76/2025-26	कृषि भूमि नियमन	श्रीमती बानू बेगम पत्नी इमामुदीन	333.33	1582, सीकर रोड़
9.	77/2025-26	कृषि भूमि नियमन	श्रीमती भंवरी देवी पत्नी दाउलाल प्रजापत	185.00	1536, सीकर रोड़
10.	78/2025-26	कृषि भूमि नियमन	श्रीमती भंवरी देवी पत्नी दाउलाल प्रजापत	204.07	1536, सीकर रोड़
11.	79/2025-26	कृषि भूमि नियमन	श्री कमल शर्मा पुत्र ओमप्रकाश बागड़ा	195.55	2928/1902, सीकर रोड़

राज.संवाद/सी/25/9272 आयुक्त

खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों पर विचार विमर्श

अजमेर, (कासं)। जिला मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलैक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बजट घोषणाओं एवं अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा विगत वर्षों में स्वीकृत कार्यों की समीक्षा भी की गई।

जिला कलैक्टर लोक बन्धु ने कहा कि डीएमएफटी का उद्देश्य खनन प्रभावित और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों के जीवन स्तर को सुधारना है। इसके लिए पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आजीविका संवर्द्धन से जुड़े कार्य प्राथमिकता में लिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि दो वर्ष से लंबित कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसीसी) एवं पूर्णता प्रमाण पत्र (सीसी) शीघ्र जारी किए जाएं। जिन कार्यों में भुगतान लंबित है उनकी समीक्षा कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में समिति द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, संपर्क मार्ग, स्वच्छता एवं आजीविका संवर्द्धन से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

जिला कलैक्टर ने बजट घोषणाओं एवं जनहित से जुड़े उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों को आगामी गवर्निंग काउंसिल में रखने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यपालक एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि स्वीकृत योजनाओं को समयबद्ध ढंग से प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए।

बैठक में डीएमएफटी मद से संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति, व्यय प्रगति, निर्माणाधीन कार्यों की स्थिति एवं लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि प्रत्येक योजना में पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इससे खनन प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों का लाभ आमजन को समय पर मिल सकेगा।

24 को एलिवेटेड रोड पर अवमानना याचिका की सुनवाई

- मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 सितम्बर की तारीख तय की गई है

अजमेर। एलिवेटेड रोड पर अवमानना याचिका को लेकर सिविल अदालत ने जिला कलेक्टर लोक बंधु, नगर निगम के आयुक्त देशलदान व परियोजना निदेशक चारू मित्तल को नोटिस देकर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 सितम्बर की तारीख तय की गई है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक राजकुमार जयपाल ने अपने वकील विवेक पाराशर के जरिए सिविल न्यायालय पश्चिम की अदालत में एक वाद दायर कर एलिवेटेड रोड की सुरक्षा पर सवाल उठाए थे। उन्हीं दिनों इसकी एक भुजा बरसात में क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिस अदालत ने एलिवेटेड रोड़ से आवागमन बंद करते हुए सुरक्षा के लिए जांच के आदेश दिए थे। 13 दिन रोड पर आवागमन बंद रहा इसके बाद पक्षकारों की ओर से शपथ पत्र देकर एलिवेटेड रोड को सुरक्षित बताया गया था। जिस पर अदालत ने सुरक्षा के तहत कुछ निर्देशों की पालना किए जाने के आदेश देते हुए एलिवेटेड रोड को खोलने के आदेश दिए थे, जबकि प्रकरण अभी विचाराधीन है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि एलिवेटेड रोड के प्रमुख स्थानों पर सार्वजनिक हैल्पलाइन मोबाइल नम्बर अंकित किया जाए, ताकि आपतकालीन स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके, लेकिन 11 जुलाई को पारित इस आदेश की पालना नहीं किए जाने पर अदालत में अवमानना याचिका दायर की गई थी। एडवोकेट विवेक पाराशर ने बताया कि अदालत ने इस प्रकरण में जिला कलेक्टर लोक बंधु, नगर निगम के आयुक्त देशलदान व परियोजना निदेशक चारू मित्तल को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अवमानना याचिका में कहा गया है कि सक्षम अधिकारियों ने गलत तथ्यों के आधार पर शपथ पत्र अदालत में दिया है, जबकि सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए है। जिस पर अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि अदालत के निर्देशों की पालना किए जाने के संबंध में सक्षम अधिकारी शपथ पत्र के साथ अदालत में पेश हों। प्रकरण की सुनवाई के लिए अगली तारीख पेशी 24 सितम्बर तय की गई है।

आत्मा को शुद्ध करने का मार्ग है तप

- जैन दिगम्बर आमनाय के दस लक्षण पर्व के चलते बुधवार को जिनालयों में उत्तम तप धर्म की पूजा अर्चना की गई

अजमेर, (कासं)। जैन दिगम्बर आमनाय के दस लक्षण पर्व के चलते बुधवार को जिनालयों में उत्तम तप धर्म की पूजा अर्चना की गई। दशलक्षण महापर्व जैसे-जैसे अगले सोपानो पर बढ़ता जा रहा है, श्रावकों में भक्ति भाव व आत्मविशुद्धि के प्रति श्रद्धा व निष्ठा का भाव दिन प्रतिदिन वृद्धि को प्राप्त हो रहा है। उत्तम तप धर्म जैन धर्म के दशलक्षण धर्म दस परम गुणों में से एक है। इसका अर्थ है कि शरीर, वाणी और मन को अनुशासित कर आत्मा को शुद्ध करने और कर्मो को भस्म करने के लिए की जाने वाली सर्वोच्च तपस्या। इससे बाहरी तपस्या के साथ.साथ इच्छाओं का निरोध और सच्ची श्रद्धा के साथ आंतरिक तप है। उत्तम तप धर्म से आत्मा अपने शुद्ध स्वरूप को प्राप्त कर सके।

पर्यूषण पर्व के सातवें दिन बुद्धवार को पाल बिछला स्थित श्री पल्लीवाल दिगम्बर जैन मंदिर में जबलपुर से आईं ब्रह्मचारिणी बहन माया दीदी और मालती दीदी सहित अजमेर की ब्रह्मचारिणी खुश्बू दीदी ने अपने संबोधन में उत्तम तप धर्म की सुंदर व्याख्या की। इस अवसर पर विशेष पूजा अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। संगीत की मधुर स्वर लहरियों के बीच भजन गायक विजय जैन मुरैना ने संगीत के साथ भगवान के अर्घ्य चढ़वाएं। प्रवक्ता सरिता जैन ने बताया कि सात्विक वस्त्रों में पुरुष वर्ग तो वही केसरिया साड़ी पहने महिलाओं ने पूजा पाठ में भाग लिया।